तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 18 फरवरी 2026

10 गुंडाधुर महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा एवं बौद्धिक...



11 जगरगुंडा में विष्णु-देव की पहल से लौटी खुशहाली





## खबर संक्षेप



### मूली-किंजोली चौक में हादसा ट्रक के नीचे घुस गई बाइक

**घाटलोहंगा।** मूली-किंजोली के बीच स्थित चौक में आज एक सड़क हादसा में तेज रफ्तार ट्रक के नीचे एक बाइक घुस गई। जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद ट्रक चालक और कंडेक्टर फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायल को अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है।

### मेहनत से ही होता है भविष्य उज्जवल : कश्यप

**करपावंड।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद हिंदी, अंग्रेजी माध्यम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करपावंड में कक्षा 12वीं के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डीके कश्यप ने कहा कि 20 फरवरी से वार्षिक परीक्षा है। छात्र पढ़ाई पर विशेष ध्यान दें। परीक्षा पे चर्चा का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा कहीं गई बातों का अनुकरण करने की आवश्यकता है। मेहनत से ही भविष्य उज्जवल होता है। आप सभी किशोरावस्था में हैं इसी समय विद्यार्जन करने का समय है। महापुरुषों का उदाहरण देते हुए कहा कि ऐसे लोगों का हमें अनुकरण करना चाहिए। इस अवसर पर संस्था के कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



# धुड़मारास शीघ्र अंतरराष्ट्रीय पर्यटन के मानचित्र पर अपनी चमक बिखेरने को तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर जिले में स्थित ग्राम धुड़मारास जल्द ही अंतरराष्ट्रीय पर्यटन के मानचित्र पर अपनी चमक बिखेरने को तैयार है। संयुक्त राष्ट्र से संबद्ध अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ और हिवा कोचिंग एंड कंसल्टिंग की संस्थापक एवं सीईओ सुश्री किर्सी ह्यवैरिनेन आगामी 23 से 28 फरवरी 2026 तक बस्तर के प्रवास पर रहेंगी। इस महत्वपूर्ण यात्रा का मुख्य उद्देश्य धुड़मारास और उसके आसपास के क्षेत्रों में ऑन-साइट मेंटरशिप और योजना कार्य के माध्यम से स्थानीय पर्यटन को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित करना है। बताया जा रहा है कि धुड़मारास की सबसे बड़ी पहचान बन रही है जंगल के बीच बहती कांगेर नाले की जलधारा पर बम्बू राफ्टिंग और कयाकिंग, यह रोमांच चीख-पुकार वाला नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ बहने वाला है। कांगेरघाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक नवीन कुमार ने बताया कि छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड और जिला प्रशासन बस्तर के समन्वय ⏭ शेष पेज 10 पर

## बस्तर के पर्यटन को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम



### बस्तर की जीवित संस्कृति

बताया जा रहा है कि धुड़मारास और मांझीपाल में बसती है धुरवा जनजाति, जिनकी संस्कृति आज भी अपनी मूल पहचान के साथ जीवित है। पारंपरिक वेशभूषा, लोकगीत, मांदर की थाप, मिट्टी के घर और सामूहिक जीवनशैली, यह सब किसी सांस्कृतिक मंच का हिस्सा नहीं, बल्कि रोजमर्रा का जीवन है। यहां अतिथि-सत्कार औपचारिक नहीं, दिल से होता है।

## अड़चन से स्थानीय पर्यटन व आजीविका पर पड़ रहा असर

शांति और विकास की दिशा में पर्यटन एक सशक्त माध्यम पर समस्याएं जारी

# प्रस्तावित ग्रीन गुफा के उद्घाटन पर पीआईएल की लगी अड़चन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले के अंतर्गत स्थित कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान में प्रस्तावित ग्रीन गुफा को इस वर्ष पर्यटकों के लिए खोले जाने की योजना थी। इस पहल से स्थानीय ग्रामीणों और पर्यटन से जुड़े लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद थी। हालांकि किसी व्यक्ति, संस्था द्वारा दायर जनहित याचिका के कारण गुफा के उद्घाटन की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है, जिसका सीधा असर स्थानीय पर्यटन और आजीविका पर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने कहा कि नक्सल प्रभावित दौर के बाद बस्तर में शांति और विकास की दिशा में पर्यटन एक सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। ग्रीन गुफा के खुलने से क्षेत्र में पर्यटकों की संख्या बढ़ती, जिससे गाइड, परिवहन, होम-स्टे, खानपान और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित होते। कुटुमसर ग्राम के इको विकास समिति के सदस्यों ने बताया कि कुटुमसर गांव की आजीविका पूरी तरह पर्यटन पर आधारित है। नई गुफा के खुलने से पर्यटक केवल कुटुमसर गुफा तक सीमित न रहकर ग्रीन गुफा की ओर भी आकर्षित होते, जिससे पर्यटन का संतुलित विकास होता और अधिक लोगों को रोजगार मिलता। समिति के अनुसार पीआईएल के कारण विकास कार्यों में आ रही बाधा बस्तर के समग्र विकास पर नकारात्मक प्रभाव डाल रही है। ग्रामीण समुदायों ने कहा कि नक्सलवाद के बाद अब उनके जीवन-यापन का मुख्य आधार पर्यटन ही बन रहा है। ऐसे में विकासोन्मुख परियोजनाओं में आ रही कानूनी अड़चनें बस्तर के आर्थिक और सामाजिक विकास पर व्यापक प्रभाव डाल रही हैं।



### विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही

*तीरथगढ़ इको विकास समिति के सदस्य उमेश बघेल ने कहा कि नक्सलवाद के बाद बस्तर का विकास मुख्यतः पर्यटन के माध्यम से ही संभव है। गुफा के खुलने से पर्यटकों की संख्या बढ़ती और स्थानीय युवाओं को रोजगार से जुड़ने का अवसर मिलता, जिससे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति मजबूत होती। वहीं मांझीपाल और धुड़मारास क्षेत्र की विकास समितियों ने भी चिंता व्यक्त की है। गुफा खुलने से पर्यटकों का आगमन बढ़ता, जिससे होम-स्टे, राफ्टिंग और अन्य पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलता और ग्रामीणों की आय में वृद्धि होती। उनके अनुसार इस परियोजना में आ रही अड़चनें स्थानीय लोगों के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही हैं।*

विज्ञान मेले में 2 दर्जन से अधिक प्रयोग का हुआ प्रदर्शन

# बच्चों में विज्ञान के प्रति बढ़ी अभिरूचि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

हायर सेकेंडरी भगत सिंह स्कूल में विज्ञान प्रयोग पर आधारित मेला का आयोजन किया गया। प्राचार्य विनीता बेंजामिन के निर्देशन में प्रदर्शनी प्रभारी अंजू रावते के संयोजन में विज्ञान व्याख्याता भारती नामदेव, पूजा गुप्ता, सहायक शिक्षिका अनामिका शर्मा के सहयोग से विज्ञान प्रयोग प्रदर्शनी का आयोजन इंजीनियरिंग कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रदीप डडसेना के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। जिसमें विज्ञान विषय आधारित नवाचार से युक्त 25 प्रयोग का प्रदर्शन किया गया। मुख्य अतिथि ने सारे प्रयोगों की सराहना कर छात्रों व्याख्याता को साधुवाद देकर सराहना की। इस अवसर पर शिक्षा समिति के सदस्य जैन, सतीश उपाध्याय एवं व्याख्याता अनिल शुक्ला, किरण चौहान, चंद्र प्रकाश देवांगन, सतपाल शर्मा अभिराम पटेल, आशा रानी पटनायक, रोशनी सिंधे, नीतू शर्मा,



किरण महापात्र योजना देवांगन सुमन विश्वकर्मा उपस्थित थे। इस अवसर पर प्राथमिक माध्यमिक हायर सेकेंडरी स्कूल भगत सिंह के तीनों शाला के छात्र छात्राओं ने अवलोकन कर विज्ञान के नए प्रयोग नवाचार सीखे। प्रदर्शनी के अंत में प्रथम कु महिमा नाग ग्यारहवीं, द्वितीय लक्ष्मी बिस्वाल दसवीं, तृतीय अनिकेत तिवारी साईं किरण को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। प्रचार्य ने थॉमस एल्वा एडिसन से अब्दुल कलाम के आदर्शों पर चलने छात्रों से आग्रह किया। प्रदर्शनी का अंत जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान नारा से किया गया।



## खबर संक्षेप



### टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा का हुआ समापन

**फरसगांव।** केशकाल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत तेंदूभाटा अरंडी में आयोजित 9 दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट में प्रतियोगिता का समापन सोमवार को मुख्य अतिथि के रूप में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम की उपस्थिति में किया गया। केशकाल विधायक नीलकंठ टीकम के हाथों विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार का वितरण किया गया।

### 4 माह से नहीं मिल रही विधवा वृद्धा एवं विकलांग पेंशन

**जगदलपुर।** कोसमी पंचायत के सरपंच नीलम कश्यप ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि नवंबर माह से विधवा, वृद्धा एवं विकलांग पेंशन की राशि



हितग्राहियों के खातों में जमा नहीं की गई है। इससे पंचायतों में बुजुर्गों और जरूरतमंदों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। सरपंच ने कहा कि पेंशनधारियों को समय पर उनका अधिकार नहीं मिल पा रहा है। पेंशन ही इन बुजुर्गों का सहारा है, जिससे वे साग-सब्जी और दैनिक जरूरतों की पूर्ति करते हैं। वृद्धावस्था और शारीरिक असमर्थता के कारण अधिकांश हितग्राही कोई अन्य काम करने में सक्षम नहीं हैं। सरपंच ने कहा कि जब सरकार अन्य योजनाओं में नियमित भुगतान कर रही है, तो पेंशनधारियों की उपेक्षा क्यों की जा रही है। उन्होंने इसे सरकार की विफलता बताया। उन्होंने तत्काल लंबित राशि जारी करने और भविष्य में समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की है। अन्यथा जनप्रतिनिधियों के साथ आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

### चित्रकोट मेला में लॉज, होटल होम स्टे के संचालक लगाएंगे कैमरा और अग्निशामक यंत्र



**जगदलपुर।** पुलिस थाना लोहंडीगुड़ा के निर्देशानुसार 17 फरवरी को लॉज, होम स्टे तथा होटल के संचालक की बैठक हुई। टीआई ने कहा होटल ढाबा के सामने आने जाने की दिक्कत ना हो इसलिए गाड़ी, मोटर साइकिल, कार पार्किंग की व्यवस्था ठीक-ठाक होनी चाहिए। चित्रकोट मेला में आए लोगों को होटल के सामने शराब पीने निषेध किया गया है। होम स्टे, लॉज वाले को कैमरा चालू रखने, अग्निशामक यंत्र रखने का निर्देश दिया गया। बैठक में होम स्टे,लॉज, होटल, ढाबा के संचालक ने सहयोग करने की सहमति दी।

## निधन

### राजेश कुमार सोना

**फरसगांव।** कोंडागांव जिले के नपं फरसगांव के वार्ड क्र. 1 के पार्षद राजेश कुमार सोना का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की



खबर मिलते ही जनप्रतिनिधियों, नगरवासियों एवं शुभचिंतकों में गहरा दुख व्याप्त हैं। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार दोपहर 12 बजे उनके निवास स्थान रावणभाटा से निकाली गयी। जिसके पश्चात फरसगांव नगर के मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। नगर के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है। वे अपने पीछे भरा-पूरा एवं हंसता-खेलता परिवार छोड़ गए हैं।

# प्रशासनिक निगरानी में शुरू हुआ बोर्ड प्रश्नपत्रों का वितरण

**जिले में 160 स्कूल, 82 बनाए गए परीक्षा केंद्र, पुलिस सुरक्षा के बीच गोपनीयता और पारदर्शिता पर विशेष जोर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं कक्षा 12वीं की वार्षिक परीक्षाओं के लिए प्रश्नपत्रें एवं गोपनीय सामग्री का वितरण 16 फरवरी को समन्वयक संस्था शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोंडागांव से प्रारंभ किया गया। जिले के सभी परीक्षा केंद्रों के लिए प्रश्नपत्रें का सुरक्षित वितरण प्रशासनिक निगरानी में किया गया। जानकारी के अनुसार जिले में हाई एवं हायर सेकेंडरी स्तर के कुल 160 विद्यालय संचालित हैं, जिनमें से

### पहला दल बयानार परीक्षा केंद्र के लिए रवाना

सबसे पहले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बयानार परीक्षा केंद्र के लिए गोपनीय सामग्री पुलिस सुरक्षा के साथ भेजी गई। इस दौरान समन्वयक संस्था के प्राचार्य नरेन्द्र कुमार नायक, जिला शिक्षा अधिकारी प्रतिनिधि सियाराम नेताम, निर्मल कुमार शार्दुल, प्राचार्य राजेश पाण्डेय, जयंत मजूमदार, राधेश्याम मांझी एवं केंद्राध्यक्ष संतोष सिंह यशवंत देवांगन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




### सुरक्षित एवं निष्पक्ष परीक्षा संचालन पर जोर

अधिकारियों ने बताया कि प्रश्नपत्र वितरण की पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संपन्न की जा रही है, ताकि बोर्ड परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से आयोजित हो सकें।

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 82 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। सभी केंद्रों तक प्रश्नपत्र सुरक्षित पहुंचाने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

### जिला प्रशासन की निगरानी में हुआ गोपनीय सामग्री वितरण

गोपनीय सामग्री का वितरण जिला प्रशासन एवं जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में समन्वयक संस्था के प्राचार्य की उपस्थिति में किया गया। प्रश्नपत्रें को सुरक्षा मानकों के अनुरूप सीलबंद कर पुलिस बल की निगरानी में रवाना किया गया।

## उत्साह और अनुशासन के साथ शुरू हुआ बहुआयामी आयोजन

# गुंडाधुर महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा एवं बौद्धिक उत्सव का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव में वार्षिक क्रीड़ा एवं बौद्धिक उत्सव का शुभारंभ अत्यंत उत्साह, ऊर्जा और अनुशासन के साथ किया गया। यह आयोजन प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम के कुशल निर्देशन एवं क्रीड़ा अधिकारी हुमन राम यदु के संयोजन में संपन्न हुआ, जिसने प्रथम दिवस से ही पूरे महाविद्यालय परिसर को उत्सवमय बना दिया। प्रथम दिवस पर आयोजित एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में छात्र–छात्राओं ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। 100 मीटर एवं 200 मीटर दौड़ गोला फेंक, तवा फेंक, ऊँची कूद एवं लंबी कूद जैसी स्पर्धाओं में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दर्शकों की सराहना प्राप्त की। खेल भावना और अनुशासन प्रत्येक स्पर्धा में देखने को मिला।

■ एथलेटिक्स में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन




### बौद्धिक प्रतियोगिताओं में समसामयिक विषयों पर सारगर्भित प्रस्तुति

बौद्धिक प्रतियोगिताओं के अंतर्गत निबंध लेखन, तात्कालिक भाषण एवं वाद–विवाद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। निबंध का विषय रहा आधुनिक परिवेश में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई संभावनाएं एवं चुनौतियां वाद–विवाद का विषय युवा पीढ़ी में सोशल मीडिया का उपयोग नहीं, दुरुपयोग अधिक हो रहा है प्रतिभागियों ने तर्कपूर्ण विचार प्रस्तुत कर अपनी वैचारिक परिपक्वता और अभिव्यक्ति क्षमता का परिचय दिया।

### प्राध्यापक वर्गीय क्रिकेट मैच रहा आकर्षण का केंद्र

प्रथम दिवस का मुख्य आकर्षण प्राध्यापक वर्गीय क्रिकेट मैच रहा, जिसमें नियमित प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों की टीम गुंडाधुर चौंपियंस ने अतिथि व्याख्याताओं की टीम गुंडाधुर वॉरियर्स को रोमांचक मुकाबले में चार रन से पराजित किया। कप्तान डॉ. पुरोहित सोरी ने 51 रनों की शानदार पारी खेली, जबकि उपकप्तान डॉ. आकाश वासनीकर ने तीन विकेट लेकर टीम को जीत दिलाई।

### व्यक्तित्व विकास के लिए खेल और बौद्धिक गतिविधियां आवश्यक

प्राचार्य डॉ. सरला आत्रम ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल एवं बौद्धिक गतिविधियां विद्यार्थियों में नेतृत्व, अनुशासन और आत्मविश्वास विकसित करती हैं तथा उनके सवांर्गीण व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### द्वितीय दिवस में खेल और रचनात्मक प्रतियोगिताओं की धूम

उत्सव के दूसरे दिन शतरंज, बैडमिंटन, रस्सा कशी, खो–खो और कबड्डी जैसी प्रतियोगिताओं के साथ मेहंदी, रंगोली, पुष्प–सज्जा, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट एवं चित्रकला जैसी रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिससे महाविद्यालय परिवार में उत्साह और रचनात्मकता का वातावरण बना रहेगा।

# सामुदायिक पुलिसिंग के तहत पेरमापाल में हुई दो दिवसीय वॉलीबॉल स्पर्धा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पंकज चंद्रा, पुलिस अधीक्षक कोंडागांव के मार्गदर्शन में, कपिल चंद्रा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोंडागांव तथा सतीश भार्गव उप पुलिस अधीक्षक मर्दापाल के संरक्षण में सा मु दा यि क पु लि सिं ग कार्यक्रम के अंतर्गत थाना बयानार क्षेत्र के सुदूर अंचल ग्राम पेरमापाल में दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

■ थाना बयानार पुलिस की पहल से युवाओं में दिखा उत्साह

यह आयोजन थाना बयानार के थाना प्रभारी राकेश कुमार राठौर के नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में क्षेत्र के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ना, उनमें अनुशासन एवं टीम भावना विकसित करना तथा पुलिस और आमजन के बीच विश्वास एवं संवाद को मजबूत करना रहा।

### ग्रामीणों में दिखा उत्साह

प्रतियोगिता के दौरान ग्रामवासियों एवं युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की अपेक्षा जताई। इस प्रकार के आयोजन से न केवल ग्रामीण क्षेत्रें में सकारात्मक वातावरण बनता है, बल्कि पुलिस और समाज के बीच आपसी सहयोग एवं सौहार्द भी सुदृढ़ होता है।

# सीआईएसएफ के लापता सब इंसपेक्टर का 36 घंटे बाद मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगरनार स्टील प्लांट में पदस्थ सीआईएसएफ के एसआई का तीसरे दिन 36 घंटे बाद शव बरामद कर लिया गया। शव की तलाश के लिए ए स डी आ र ए फ , एनडीआरएफ व ओडिशा के गोताखोरों की टीम द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा था। मंगलवार सुबह साढ़े 8 बजे शव बरामद कर लिया गया। ओडिशा के कोटपाड़ में पीएम के बाद शव को नगरनार स्टील प्लांट लाया गया जहां गार्ड ऑफ ऑनर के बाद गृहग्राम हरियाणा रवाना किया गया। जानकारी के मुताबिक सब इसंपेक्टर रविवार को अपने पांच साथियों के साथ पिकनिक मनाने ओडिशा के गुलमी वाटरफॉल गए हुए थे। वहां नहाने के दौरान गहराई का अंदाजा नहीं होने से वे तेज बहाव में बह गए जिसके बाद साथी जवानों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया लेकिन तेज बहाव के चलते उन्हे डूबने से नहीं बचाया जा सका था। सब इंसपेक्टर आकाश चौधरी रविवार को अपने चार अन्य साथियों के साथ गुलमी वाटरफॉल पिकनिक मनाने गए हुए थे। नहाने के दौरान आकाश तेज बहाव में बह गए। एक साथी ने उन्हें बचाने का प्रयास भी किया लेकिन तेज बहाव के चलते वह उन्हें बचा नहीं सका और वे आगे निकल गए। इसकी सूचना तत्काल कोटपाड़ पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची एसडीआरएफ, एनडीआरएफ व ओडिशा एसडीआरएफ की टीम लगातार तलाश कर रही थी मंगलवार को 36 घटें के बाद शव को कड़ी मशक्कत के बाद बरामद कर लिया गया।

■ स्टील प्लांट नगरनार में गार्ड ऑफ ऑनर के बाद गृहग्राम हरियाणा रवाना किया गया शव





### दो साल से नगरनार में थे पदस्थ

जानकारी के मुताबिक केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल में पिछले दो वर्ष से सब इंस्पेक्टर अमन चौधरी पदस्थ थे। घटना की जानकारी मिलते ही सबसे पहले ओडिशा डिजास्टर रैपिड एक्शन फोर्स की टीम सबसे मौके पर पहुंची जिसके बाद एसडीआरएफ व एनडीआरएफ की टीम भी पहुंचकर रेस्क्यू आपॅरेशन शुरू कर दिया था।

### गमगीन माहौल में शव किया गया रवाना

स्टील प्लांट परिसर में डीआईजी दयाशंकर भिलाई, कमाण्डेंट आशीष, डिप्टी कमाण्डेंट शनिह एम तथा नगरनार थाना प्रभारी सतोंष सिंह की मौजूदगी में उन्हें सलामी दी गई। इस स्टील प्लांट के अधिकारी व कर्मचालियों के अलावा सीआईएसएफ के अन्य अधिकारी व जवान भी मौजूद थे। सलामी व श्रद्धाजंलि उपरांत उन्हें गमगीन माहौल में गृहग्राम रूदरोल, थाना झोझूकलान जिला चरखी दादरी हरियाणा के लिए रवाना किया गया।

# ब्लाक स्तरीय बैठक में 24 गांव के नलजल ऑपरेटर हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डांडेसरा (धमतरी)

ग्राम पंचायत नलजल ऑपरेटर संघ कुरूद ब्लाक की बैठक 15 फरवरी रविवार को खेल मैदान कुरूद में हुई। बैठक में 24 गांव के ऑपरेटर उपस्थित हुए। ऑपरेटरों ने अपनी-अपनी समस्या बताई, जिसका समाधान सदस्यों के द्वारा किया गया। संघ के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कम उपस्थिति के कारण पदाधिकारियों का चुनाव नहीं किया गया। 24 फरवरी मंगलवार को सुबह 11 बजे खेल मैदान कुरूद में फिर से बैठक कर पदाधिकारियों का चुनाव किया जायेगा। कुरूद ब्लाक के सभी ग्राम पंचायत में कार्यरत नल-जल ऑपरेटरों से उपस्थित होने की अपील की है। बैठक में टिकेश्वर साहू, योगेश सेन, गोविंद तारक, गौकरण साहू, कमलू राम निषाद, संतोष हिरवानी, दुर्गेश साहू, लेखराम कंडरा, पूरण कंवर, पंचदेव ध्रुव, मिथिलेश यादव, कन्हैया डहरे, टिकेश्वर चन्द्राकर, तुलेश्वर, अवन साहू उपस्थित थे।

# बालक शाला मगरलोड में हुआ चयनित सैनिकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मगरलोड

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड में प्रति शनिवार को पधारो पहुना कार्यक्रम होता है। शनिवार 14 फरवरी को चयनित सैनिकों का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के पूर्व छात्र नगरपंचायत मगरलोड भैंसमुंडी निवासी चन्दन कुमार, तामेश कुमार, संजय कुमार और राहुल कुमार का चयन सैन्य सेवा के लिए हुआ। इनके सम्मान में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दक्ष कुमार साहू एसआई थाना मगरलोड थे। अध्यक्षता पूर्व सैनिक खिलावन साहू ने की। विशेष अतिथि तहसील साहू समाज मगरलोड के अध्यक्ष सुरेश साहू,




आयकर अधिकारी टुमनचंद साहू, शाला प्रबन्धन समिति के पदाधिकारी भवानी यादव, पोखन साहू, तुलाराम टण्डन, कमलेश मार्कण्डेय थे। प्राचार्य आत्माराम साहू ने स्वागत भाषण दिया। साहित्यकार वीरेन्द्र सरल ने चयनित जवानों के सम्मान में कविता पढ़कर उनमें देश सेवा के प्रति जोश, जज्बा व जुनून भरा। चयनित जवानों ने अपने जीवन लक्ष्य की प्राप्ति के लिए किए गए समर्पण और निरन्तर प्रयास की विस्तार से जानकारी दी। अतिथि भवानी यादव, सुरेश साहू, दक्षकुमार साहू ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में व्याख्याता सियाराम कुर्रे, भोजपाल साहू, मनीषा नवरंग, लवेश गुप्ता, रामेश्वर साहू, विकास कंवर, लक्ष्मीनारायण साहू, विद्या निषाद, प्रवेश ठाकुर, गीतांजलि साहू, अर्चना सोनवर्षा, दुर्गा ध्रुव, मेषराम सेन, मुकेश पटेल, चन्द्रिका ठाकुर, यमुना साहू की सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता हेमन्त रजक तथा आभार प्रदर्शन सियाराम कुर्रे ने किया।

### लिमतरा के ओम शांति भवन में हुआ ध्वजारोहण

**धमतरी।** महाशिवरात्रि पर लिमतरा के ओम शांति भवन में प्रातः 8 बजे ब्रहाकुमारी अनीता और कीर्ति की उपस्थिति में सरपंच भुनेश्वरी साहू एवं सेवानिवृत व्याख्याता घनश्याम सिंह साहू ने पूजा-अर्चना कर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर दोनों बीके बहनों ने शिवरात्रि पर्व मनाने की जानकारी दी। शिव बाबा की महानता का वर्णन किया। इस अवसर पर आनंद साहू, राजेश ध्रुवंशी, जीवनलाल, गिरिराज, गोविंद, परसराम, गैंदलाल समेत अन्य उपस्थित थे।

### आज आएंगे महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी



**जगदलपुर।** निरंजन पीठाधिश्वर 1008 आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरी हरिद्वार का जगदलपुर आगमन 18 फरवरी को दोपहर 2 बजे एयरपोर्ट में होगा। स्वागत अभिनन्दन पश्चात वे भक्त पुलक भट्टाचार्य के निवास लालबाग पहुंचेंगे।

## कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों ने किया विदाई समारोह का आयोजन

# बालेंगा में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों को दी गई भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कोंडागांव जिले के बड़ेराजपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बालेंगा स्थित शासकीय हाई स्कूल बालेंगा के प्रांगण में मंगलवार 17 फरवरी को कक्षा 9वीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के लिए भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों ने विद्यालय में बिताए गए अपने अनुभव साझा किए जिससे वातावरण भावुक हो गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य रामसिंह खुसार्मे एवं संस्था के समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर अध्ययन करने, अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होने तथा विद्यालय का नाम रोशन करने की अपील की।



**ये रहे उपस्थितः** कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिवलाल मरकाम, अध्यक्षता कर रहे अजय नेताम सहित विद्यालय परिवार के शिक्षक नाग सर, छबिलाल साहू सर, रूबाब मैम, साहू सर, कश्यप सर, रमेश नेताम सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने शिक्षकों एवं साथियों के साथ सामूहिक फोटो खिंचवाए और विद्यालय जीवन की यादों को संजोते हुए भावुक विदाई ली।

## पेज 9 के शेष

### धुड़मारास शीघ्र....

से आयोजित इस भ्रमण के दौरान सुश्री किर्सी स्थानीय हितधारकों, ग्रामीणों और हस्तशिल्पियों के साथ सीधा संवाद कर पर्यटन के नए अवसरों की पहचान करेंगी। सुश्री किर्सी का छह दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम की शुरूआत 23 फरवरी को जगदलपुर आगमन और विश्व प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात के भ्रमण के साथ होगी। इस दौरान वे धुड़मारास में पारंपरिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद लेंगी और धुर्वा डेरा होमस्टे के माध्यम से स्थानीय जीवनशैली व खान-पान का अनुभव करेंगी। उनके इस प्रवास में बाँस हस्तशिल्प कारीगरों के साथ तकनीकी चर्चा, कोटमसर गुफा और तीरथगढ़ जलप्रपात का भ्रमण तथा कायकिंग व राफ्टिंग जैसी साहसिक गतिविधियों का तकनीकी अवलोकन भी शामिल है। विशेष रूप से वे स्थानीय समुदायों को यूनाइटेड नेशंस बेस्ट टूरिज्म विलेज अपग्रेड प्रोग्राम के बारे में जानकारी देंगी और सतत ग्रामीण विकास के लिए राष्ट्रीय व क्षेत्रीय पर्यटन ढांचे पर अपनी विशेषज्ञ राय साझा करेंगी। यह दौरा न केवल बस्तर की सांस्कृतिक विरासत को दुनिया के सामने पेश करने का जरिया बनेगा, बल्कि स्थानीय युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगार के नए द्वार भी खोलेगा।

# लौह नगरी में नवनिर्मित शिवालय में हुआ प्राण प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल



नगर पालिका किरंदुल क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 6 के व्होरा कैंप में वार्डवासियों की वर्षों पुरानी आस्था एवं मांग

■ कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली

आखिरकार पूरी हो गई। लंबे समय से क्षेत्रवासियों द्वारा शिवालय निर्माण की मांग की जा रही थी, जिसे इस बार नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह के प्रयासों से साकार किया गया।

व्होरा कैंप में नव निर्मित भव्य शिवालय का विधिवत प्राण प्रतिष्ठा समारोह बड़े ही श्रद्धा एवं उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई, जिसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिवलिंग की प्राण प्रतिष्ठा की गई। पूजा-अर्चना, आरती एवं भंडारे के आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि नगर पालिका का उद्देश्य जनता की भावनाओं और आवश्यकताओं को प्राथमिकता देना है। वार्डवासियों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करना हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि आगे भी सभी वार्डों में विकास कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

वहीं वार्ड पार्षद यशोदा चुन्नम ने कहा कि यह शिवालय वार्डवासियों की सामूहिक आस्था का प्रतीक है। इसके निर्माण के लिए निरंतर प्रयास किए गए, जिसका परिणाम आज सभी के सामने है। उन्होंने क्षेत्रवासियों का सहयोग एवं विश्वास के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर लक्ष्मी ठाकुर, गिरजा ठाकुर, देवकी ठाकुर, अमृत टंडन, यशोदा चुन्नम, बी रूपा रानी, राजकुमार सोनी, लीना सोनी, वरिष्ठ नागरिक, वार्डवासी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। शिवालय के निर्माण से क्षेत्र में धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### कौरगांव, तुमरीगुण्डा का सीईओ ने किया निरीक्षण



**दंतेवाड़ा।** गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत कौरगांव, तुमरीगुण्डा तथा चेरपाल पंचायतों का जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। इस मौके पर उन्होने सबसे पहले निर्माणाधीन आवासों का अवलोकन कर कार्य की गुणवत्ता एवं गति का आकलन किया गया। तथा जिन हितग्राहियों के आवास अपूर्ण पाए गए, उन्हें शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही संबंधित अधिकारियों एवं तकनीकी सहायकों को भी निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके पश्चात उन्होंने स्कूल एवं आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया।

### छोटे हड़मामुण्डा में हुआ जल अर्पण दिवस कार्यक्रम



दंतेवाड़ा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के ग्राम छोटे हड़मामुण्डा में जल अर्पण दिवस कार्यक्रम का आयोजन विगत दिवस किया गया। जिसमें कटेकल्याण जनपद पंचायत के अध्यक्ष हिड़मा कवासी एव ग्रामीण तथा विभाग के अधिकारी, कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आरंभ में जल अर्पण दिवस का उद्देश्य, उसके संचालन संधारण तथा उसके दस्तावेजीकरण की जानकारी दी गई।

## अंधेरे से उजाले का सफर, डीएमएफ मद से लगा सोलर लाइट

# जगरगुंडा में विष्णु-देव की पहल से लौटी खुशहाली


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

कभी नक्सल हिंसा और भय के साये में 'टापू' बन चुका जगरगुंडा आज विकास और सुशासन की नई इबारत लिख रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जिला प्रशासन के ठोस प्रयासों ने इस अति संवेदनशील क्षेत्र को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में ऐतिहासिक पहल की है।

■ क्षेत्र में कभी शाम ढलते ही सन्नाटा और भय छा जाता था

वर्षों से उपेक्षित यह इलाका अब रोशनी, सुरक्षा और आर्थिक गतिविधियों से जीवंत हो उठा है। बीते दो दशकों में जगरगुंडा ने हिंसा, अवरुद्ध संपर्क और बुनियादी सुविधाओं के अभाव का कठिन दौर देखा। वर्ष 2006 के बाद पुल-पुलियों के क्षतिग्रस्त होने और सुरक्षा कारणों से यह क्षेत्र लगभग कट गया था और पूरा जगरगुंडा कँटीले तार से लॉक हो जाता था। शाम 6 बजे से सुबह 6 जगह तक गाँव में आना और गाँव से जाना पूर्णतः प्रतिबंधित था। लेकिन अब प्रशासन की दृढ़ इच्छाशक्ति ने हालात बदल दिए हैं।

जिला प्रशासन के द्वारा जिला खनिज न्यास मद से जगरगुंडा को सोलर लाइट से कवर किया गया है। जहां कभी शाम ढलते ही सन्नाटा और भय छा जाता था, वहां अब सुरक्षित और रोशन गलियां विकास की कहानी कह रही हैं। कलेक्टर अमित कुमार ने बताया कि जगरगुंडा का यह बदलाव केवल भौतिक विकास नहीं, बल्कि इस क्षेत्र के लिए एक नई उम्मीद है। हमारा लक्ष्य शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना है। सौर ऊर्जा से रोशन गलियाँ और 22 वर्षों बाद बैंकिंग सेवाओं की बहाली इस बात का प्रमाण है कि प्रशासन जनता के साथ खड़ा है। तहसील भवन, 1.30 करोड़ की लागत से बनने वाला बस स्टैंड और हाईटेक नर्सरी जैसे प्रोजेक्ट्स इस क्षेत्र की आर्थिक और सामाजिक तस्वीर बदल देंगे।



### 22 वर्षों बाद बैंकिंग सेवा की वापसी

वर्ष 2003 में ग्रामीण बैंक में लूट की घटना के बाद बैंकिंग सेवाएं बंद हो गई थीं। अब 2025 में पुनः मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के विशेष पहल से इंडियन ओवरसीज बैंक की स्थापना हो जाने से ग्रामीणों को आर्थिक सशक्तिकरण का नया आधार मिला है। उन्हें अब दूरदराज के क्षेत्रों में भटकना नहीं पड़ेगा।

### बदलाव की स्पष्ट तस्वीर और विकास की पुनर्स्थापना

जगरगुंडा अब बुनियादी सुविधाओं और विकास के नए दौर में प्रवेश कर रहा है। तहसील भवन का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। बस स्टैंड निर्माण के लिए 1.30 करोड़ रुपए की स्वीकृति डीएमएफ से मिली है। हाईटेक नर्सरी बनाने के लिए 1.50 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है। वन विभाग रेंज कार्यालय का निर्माण कार्य भी शुरू हो गया है। सीएचसी जगरगुंडा का फिनिशिंग कार्य जारी है, जो मई 2026 तक पूर्ण होकर जनता को समर्पित किया जायेगा। प्रशासन और जन-भागीदारी का सफल मॉडल कलेक्टर अमित कुमार एवं जिला पंचायत सीईओ मुकुन्द ठाकुर के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत की सरपंच सुश्री नित्या कोसमा और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के समन्वय ने विकास को गति दी है। शासन की योजनाएं अब कागजों से निकलकर धरातल पर उतर रही हैं।

# 90 से अधिक एसएचजी महिलाओं को 42 दिवसीय जीवन कौशल प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



जिले के उसूर ब्लॉक में महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 'सहजिनी प्रोजेक्ट' की शुरुआत की गई है। ग्राम पंचायत आवापल्ली, बसागुड़ा एवं मुरदंडा में 90 से अधिक स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं को 42 दिवसीय जीवन कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य निर्णय लेने की क्षमता विकसित करना, वित्तीय जागरूकता बढ़ाना तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं के प्रति महिलाओं को सजग एवं सक्षम बनाना है।

### प्रशासनिक मार्गदर्शन में मिली स्वीकृति

सहजिनी प्रोजेक्ट को जिला कलेक्टर संबित मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे एवं जनपद पंचायत उसूर के सीईओ प्रभाकर चंद्राकर के मार्गदर्शन में स्वीकृति प्रदान की गई है। इस परियोजना का क्रियान्वयन पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से किया जा रहा है तथा इसे कुमारी स्नेहा लावणकर द्वारा लॉन्च किया गया।

### एनआरएलएम से जुड़े प्रशिक्षकों की सक्रिय भूमिका

प्रशिक्षण सत्रों का संचालन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़े प्रशिक्षित पीआरपी के मार्गदर्शन में युवाओं द्वारा किया जा रहा है। सत्रों में महिलाओं को सरल एवं व्यवहारिक तरीकों से जीवन कौशल की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को पारिवारिक एवं सामुदायिक स्तर पर प्रभावी निर्णय लेने, आत्मविश्वास बढ़ाने, बचत एवं बैंकिंग प्रणाली को समझने, तथा शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। नेतृत्व और आत्मनिर्भरता की ओर कदम इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को केवल आर्थिक रूप से सशक्त बनाना ही नहीं, बल्कि उन्हें ग्राम स्तर पर नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए भी तैयार करना है। 'सहजिनी प्रोजेक्ट' के माध्यम से ग्राम पंचायत स्तर पर महिलाओं की सक्रिय एवं सशक्त भागीदारी सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें।

## निधन

### अजय तिवारी



**जगदलपुर।** महाराणा प्रताप वार्ड परपा नाका निवासी सेवानिवृत पोस्टमास्टर अजय तिवारी 64 वर्ष का निधन आज सुबह हो गया। वे अपने पीछे पत्नी, पुत्र, बहु, पोता सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। वे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता अमित तिवारी के पिता थे। भानपुरी निवासी भाजपा नेता विजय तिवारी, स्व. देवेंद्र तिवारी, संजय तिवारी के बड़े भाई थे। अंतिम यात्रा आज शाम को निवास से मुक्तिधाम के लिए निकली। जिसमें परिजन, समाज के लोग और शहर तथा ग्रामवासी बड़ी संख्या में शामिल थे।

# 21 कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



सदगुरुदेव आचार्य धर्मचंद देव के जन्म जयंती एवं महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर विहंगम योग संत समाज द्वारा 21 कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ का आयोजन आश्रित ग्राम पंचायत कांदाकरका के शंखनी

■ विहंगम योग संत समाज ने किया आयोजन

डंकनी, इंद्रावती त्रिवेणी संगम तट पर अत्यंत श्रद्धा और भव्यता के साथ संपन्न हुआ।

इस दिव्य यज्ञ में आसपास के अनेक ग्रामों के गणमान्य नागरिक, सरपंच, संत समाज के पदाधिकारी, मातृशक्ति, उपदेशकगण, गुरु भाई-बहन तथा हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। त्रिवेणी संगम तट पर मेले का भी आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ सहभागिता की। इस वैदिक महायज्ञ में क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी का आगमन हुआ। संत समाज द्वारा पुष्पमाला एवं विहंगम योग संदेश प्रदान कर उनका सम्मान किया गया। विधायक ने दीप प्रज्वलित कर यज्ञ का शुभारंभ किया और अपने संबोधन में कहा कि उनका जन्म इसी क्षेत्र में हुआ है, किंतु आज सद्गुरुदेव भगवान की कृपा से उन्हें इस दुर्गम एवं दिव्य स्थल के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने इसे अपना परम सौभाग्य बताया कि उन्हें इस महायज्ञ में आहुति देने का अवसर मिला। कार्यक्रम में संगीत मंडली द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए।

रामलाल डेगल ने क्षेत्र के विकास की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि विहंगम योग संत समाज एवं सद्गुरुदेव की विशेष कृपा से इस क्षेत्र का विकास संभव हो पाया है। जिला संयोजक लल्लू प्रसाद गुप्ता ने जनकल्याण हेतु ऐसे धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने का संकल्प दोहराया।

### सामुदायिक सत्संग भवन निर्माण की घोषणा

विधायक द्वारा 10 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक सत्संग भवन निर्माण की घोषणा की गई। साथ ही अगले वर्ष महाशिवरात्रि तक संगम तट तक सड़क निर्माण पूर्ण करने, प्रकाश व्यवस्था एवं बोरवेल की सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने जोरदार तालियों से उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा उनके यशस्वी एवं सफल जीवन की कामना की।

### आज से होगा व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता का रोमांच

**बीजापुर।** जिले में खेल प्रेमियों के लिए उत्साहजनक खबर है। 18 से 20 फरवरी तक मिनी स्टेडियम, बीजापुर में अखिल भारतीय व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न होगा। विभिन्न राज्यों की टीमें लेंगी हिस्सा- प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आई टीमें भाग लेंगी, जिसमें इनकम टैक्स महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, जबलपुर रेलवे, छत्तीसगढ़ पुलिस, साईं तमिलनाडु, उड़ीसा और तेलंगाना के टीमें शामिल है। दर्शकों को रोमांचक और उच्चस्तरीय मुकाबले देखने का अवसर मिलेगा। तीन दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में दमदार सर्व, बेहतरीन ब्लॉक और शानदार स्मैश से मैदान गूंजता नजर आएगा। तैयारियां पूरी, जनप्रतिनिधियों की रहेगी उपस्थिति- जिला प्रशासन द्वारा आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

# बच्चों की गतिविधियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

माई किड्ज नर्सरी स्कूल में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम बच्चों और अभिभावकों के उत्साह से भरपूर रहा। शुक्रवार को आगाज़ और शनिवार के समापन के दौरान छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी प्रतिभा

■ माई किड्ज नर्सरी स्कूल में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव

का प्रदर्शन किया। जबकि पालकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेकर बचपन की यादों को ताजा किया।

3 से 5 वर्ष के बच्चों ने विभिन्न मजेदार खेलों में भाग लिया। जिनमें 50 मीटर दौड़, कैप रेस, जंपिंग रेस, बॉल रेस और वेजिटेबल रेस प्रमुख थे। बच्चों की इन गतिविधियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्कूल ने अभिभावकों के लिए भी विशेष इवेंट्स आयोजित किए जैसे रस्साकशी, लेमन रेस और म्यूजिकल रेस, जिसमें पालकों ने खूब जोश दिखाया और पुरानी यादों में खो गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर निरीक्षक प्रह्लाद कुमार साहू, पार्षद हरीश शर्मा, पत्रकार नफीज कुरैशी और गोविंद नाग उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की, उत्साहवर्धन किया और विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।

स्कूल की प्राचार्य शेरीन वर्मा ने सफल आयोजन के लिए सभी अभिभावकों, अतिथियों और स्टाफ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ परिवार और स्कूल के बीच मजबूत जुड़ाव को बढ़ावा देते हैं।

# विजेता-उपविजेता टीमों को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोण्ड

बस्तर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत तुंगापाल में आयोजित क्रिकेट समापन समारोह खेल भावना और उत्साह का अद्भुत संगम बन गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल शामिल हुए और विजेता व उपविजेता टीमों को सम्मानित कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उनके ग्राम आगमन पर माता-बहनों, ग्राम प्रमुखों एवं जनप्रतिनिधियों ने बाजे-गाजे के साथ स्वागत किया। मुख्य चौक से क्रिकेट मैदान तक जगह-जगह स्वागत कर उन्हें सभा स्थल तक लाया गया। पूरे आयोजन स्थल पर उत्साह, उमंग और खेल के प्रति समर्पण का माहौल देखने को मिला। समापन समारोह के अंतर्गत नियानार एवं तेतरखुट्टी के मध्य फाइनल मुकाबला खेला गया, जो अत्यंत रोमांचक रहा। नियानार की टीम ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 12 ओवर में 103 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तरी तेतरखुट्टी की टीम ने भी बेहतरीन खेल का परिचय देते हुए चौकों-छक्कों की झड़ी लगा दी और 1 ओवर शेष रहते ही लक्ष्य प्राप्त कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। दर्शकों ने पूरे मैच के दौरान खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रथम पुरस्कार 30,000 रुपये एवं द्वितीय पुरस्कार 15,000 रुपये था।

विधायक ने विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के खेल आयोजनों से युवाओं में जागरूकता बढ़ती है, सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है और प्रतिभाओं को मंच मिलता है।

उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि तुंगापाल में प्रतिवर्ष कबड्डी सहित अन्य खेलों का भी सफल आयोजन किया जाता है, जो यहां के युवाओं की खेल के प्रति रुचि और समर्पण को दर्शाता है ऐसे आयोजन न केवल गांव बल्कि पूरे ब्लॉक और जिले का नाम रोशन करते हैं। सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करता है। ग्रामीण अंचल की प्रतिभाएं यदि निरंतर प्रोत्साहन पाएं तो वे निश्चित ही बड़े मंचों पर अपनी पहचान बना सकती हैं। इस दौरान सरपंच-जनपद सदस्य जनप्रतिनिधिगण युवागण ग्रामवासियों एवं माता बहनें समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 20 पंचायतों से वसूली, 1 तकनीकी सहायक व 5 रोजगार सहायक को अर्थदंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



जनपद पंचायत बीजापुर के सभाकक्ष में शनिवार को सामाजिक अंकेक्षण से संबंधित दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए वित्तीय वर्ष 2021-22, से 2025-26 तक महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक जनपद पंचायत बीजापुर अंतर्गत

■ दो विभागों के अधिकारियों को चेतावनी पत्र जारी

ग्राम पंचायतों में किये गये सामाजिक अंकेक्षण में प्राप्त अनियमितता के विरूद्ध अनुविभागीय अधिकारी बीजापुर जागेश्वर कौशल की अध्यक्षता में जन सुनवाई हेतु निकासी बैठक का आयोजन किया गया। निकासी बैठक में 26 पंचायतों में सामाजिक अंकेक्षण पूर्ण करके पाए गये अनियमितताओं के निराकारण किया गया।

इस बैठक में लगभग 20 पंचायतों से वसूली एवं 5 पंचायत में रोजगार सहायकों पर अर्थदंड आरोपित किया गया साथ ही एक तकनीकी सहायक पर अर्थदंड लगा है। वसूली राशि एक ग्राम पंचायत में 623 से 5000 रुपए तक रहा। उसी प्रकार अर्थदंड की राशि संबंधितों के प्रकरण अनुसार 200 रुपए से 1000 रुपए तक लगाए गए हैं। वसूली की गई 20 ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत नैमेड, तुमनार, पापनपाल, मिडते, चेरपाल, मुसालूर, दुगोली, बोरजे, धनोरा, कैका, ईटपाल, मनकेली, कान्दुलनार, गंगालूर, कमकानार, चिन्नाकवाली, मोरमेड़, तोयनार, संतोषपुर, पेदाकोडेपाल शामिल हैं।

सोशल आडिट कार्य में सहयोग नहीं करने हेतु दो विभागों के अधिकारियों को चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश दिए। सोशल आडिट टीम द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत चिन्नाकवली में कार्य एजेंसी उद्यान विभाग के द्वारा किए गए कार्यों में सोशल आडिट के दौरान आपत्ति पाई गई है, जिसके निराकरण हेतु संबंधित विभाग के जिम्मेदार पदाधिकारी को लगातार पत्राचार किया गया है किन्तु उनके द्वारा लापरवाही की जा रही। उसी प्रकार कृषि विभाग के कार्य में भी सोशल आडिट कार्य में लापरवाही बरती जा रही है। जिस पर एस डी एम बीजापुर द्वारा एक सप्ताह में ऑडिट के समस्त अभिलेख जमा कर ऑडिट में सहयोग हेतु चेतावनी अन्यथा समस्त राशि वसूली की कार्रवाई करने पत्र जारी करने निर्देश दिए गए।

इस महत्वपूर्ण बैठक में उपसंचालक पंचायत हिमांशु साहू, सहायक परियोजना अधिकारी मनीष सोनवानी, कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र गवेल, पंचायतों के तकनीकी सहायक एवं सरपंच सचिव और रोजगार सहायक उपस्थित रहे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**न्यायालय नजूल अधिकारी, जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. - 93/अ-6/2025-2026

**-: उद्घोषणा :-**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदिका साक्षी बक्शी पति नवीन बक्शी निवासी भैरमगंजपारा जगदलपुर जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा नगर जगदलपुर के मोहल्ला भैरमगंजपारा स्थित शीट नं. 91 प्लॉट नं.-77/4 क्षेत्रफल 1511 वर्गफीट भू-भाटक 34.45 रूपये की भूमि खातेदार मु. इन्द्रो बाई पति कृष्ण कुमार एवं अन्य 03 सहखातेदार सा. देह. के नाम पर दर्ज है। आवेदिका द्वारा मृतक, खातेदार का नाम विलोपित कर विधिक वारिसो का नाम पूर्व से दर्ज है। जिसे यथावत रखे जाने/नामांतरण हेतु भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-109, 110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र इस न्यायालय में अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

उक्त नामांतरण में यदि किसी को भी कोई आपत्ति/दावा हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 02/03/2026 तक इस न्यायालय में आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथी उपरांत प्राप्त आक्षेप पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 16/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

मुहर

नजूल अधिकारी
जगदलपुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी, जगदलपुर जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. - 90/अ-6/2025-2026

**-: उद्घोषणा :-**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक भूमिति जेठवा पिता स्व. हेमराज जेठवा एवं अन्य 01 निवासी कलचा बस्तर जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा नगर जगदलपुर के मोहल्ला पखनागुड़ापारा स्थित शीट नं. 122 प्लॉट नं.- 23/6, 22/16, 27/13 क्षेत्रफल 180+476+130 वर्गफीट भू-भाटक 0.39+0.30 रूपये की भूमि खातेदार हेमराज जेठवा पिता कांजीभाई जेठवा के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि के खातेदार हेमराज जेठवा पिता कांजीभाई जेठवाा की मृत्यु दिनांक 02.10.2025 को हो चुकी है। आवेदक द्वारा मृतक खातेदार का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर विधिक वारिसो का नाम नजूल अभिलेख मे दर्ज किये जाने हेतु भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-109, 110 के अन्तर्गत आवेदन पत्र इस न्यायालय में अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।

उक्त नामांतरण में यदि किसी को भी कोई आपत्ति/ दावा हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 25/02/2026 तक इस न्यायालय में आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है । नियत तिथी उपरांत प्राप्त आक्षेप पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 10/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

मुहर

नजूल अधिकारी
जगदलपुर

## खबर संक्षेप

### राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए उड़नदस्ता दल गठित

**जगदलपुर।** राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 22 फरवरी को दो पालियों में होगी। पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। कलेक्टर आकाश छिकारा द्वारा जारी आदेश के अनुसार परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए विशेष उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया है, जिन्हें विभिन्न केंद्रों पर निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशासन ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों के लिए अलग-अलग दल नियुक्त किए हैं, जिसमें तहसीलदार स्तर के अधिकारियों को दल प्रभारी बनाया गया है। पहले दल का नेतृत्व तहसीलदार जागेश्वरी पोयाम कर रही हैं, जिनके जिम्मे शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज और झाड़ा सिरहा इंजीनियरिंग कॉलेज जैसे प्रमुख केंद्र हैं। वहीं दूसरे दल की कमान तहसीलदार दीपिका देहारी को सौंपी गई है, जो महारानी लक्ष्मीबाई कन्या शाला और शासकीय दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय सहित अन्य केंद्रों की व्यवस्था देखेंगी।

### चित्रकोट महोत्सव आज से

**जगदलपुर।** चित्रकोट जलप्रपात के पावन तट पर आगामी 18 फरवरी से दो दिवसीय चित्रकोट महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। राज्य शासन और छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के सहयोग से आयोजित इस रजत महोत्सव का उद्घाटन समारोह 18 फरवरी को संध्या 4 बजे चित्रकोट जलप्रपात ग्राउंड में आयोजित होगा। इस गरिमामयी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन मंत्री केदार कश्यप होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता बस्तर के सांसद महेश कश्यप द्वारा की जाएगी। समारोह में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक किरण सिंह देव और चित्रकोट विधायक विनायक गोयल अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

# रेडियो किसान दिवस पर आधुनिक खेती और किसानों की समस्याओं पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

आकाशवाणी केंद्र में रेडियो किसान दिवस उत्साह पूर्वक और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर किसानों, कृषि विशेषज्ञों, आमचो गांव कपीयरों और आकस्मिक उद्घोषकों की सहभागिता से कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य आधुनिक खेती तकनीकी नवाचार और किसानों की समस्याओं पर चर्चा करना था। शुभारंभ स्वागत उद्बोधन के साथ हुआ। कार्यक्रम प्रमुख चंद्र ऋषि ठाकुर ने कृषि क्षेत्र में रेडियो की भूमिका और किसानों तक जानकारी पहुंचाने में आकाशवाणी के योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्ति उप केंद्र निदेशक बलवीर सिंह कच्छ उपस्थित थे। वहीं मत्स्य पालन विशेषज्ञ वेद प्रकाश रात्रि, कृषि वैज्ञानिक अजय कुमार मेरी, पशुधन विभाग के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आलोक भार्गव विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । विशेषज्ञों ने उन्नत बीज मौसम आधारित खेती जैविक खेती के जैविक कृषि उन्नत खेती और सरकारी योजनाओं की जानकारी साझा की साथ ही विभागों से जुड़े प्रेरक अनुभव भी बताया। विशेषण विशेषज्ञों द्वारा किसानों से प्रश्न भी पूछे गए। जिससे उपस्थित कृषकों को नहीं सीख और प्रेरणा मिली। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने कहा कि रेडियो आज भी किसानों का सच्चा साथी है आकाशवाणी यानी देवानी रेडियो में जो भी जानकारी दी जाती है । वह जानकारी किसानों के लिए हमेशा सार्थक साबित हुई है । उन्होंने कहा कि समय-समय पर रेडियो से कृषकों के लिए उपयोगी जानकारी और मार्गदर्शन प्रसारित किए जाते हैं । उन्होंने कहा कि रेडियो किसान दिवस का आयोजन किसानों के प्रति सम्मान और कृषि क्षेत्र के विकास के प्रति प्रतिबद्धता है। इस अवसर पर वरिष्ठ उद्घोषक रहीम ने भी कृषकों को संबोधित किया और अपने संस्मरण सुनाए।

## किसानों को आगे बढ़ाने में रेडियो की रही है अहम भूमिका



**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर दूरदर्शन केंद्र के प्रभारी दिलीप हुई के सेवानिवृत्ति वरिष्ठ उद्घोषक नारायण सिंह बघेल, श्याम शाहिद हुसैन, शशांक शिंदे, विनोद सिंह के अलावा आकस्मिक उद्घोषकों में गायत्री आचार्य, रूपाली सेठिया, मर्सी स्वर्ण रानी, आशा दुल्हनी, प्रीति गुप्ता, जैनेंद्र सिंह, भरत कुमार गंगादित्य, हरिप्रिया पांडे, आमचो गांव कार्यक्रम के कंपेयर और बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित थे।

### ककसाड नृत्य की प्रस्तुति

इस मौके पर उन्नत कृषक दिलीप पाणिग्रही, अनीता कश्यप के अलावा आसपास के क्षेत्र से आए किसान उपस्थित रहे। रेडियो किसान दिवस के अवसर पर नारायणपुर के नर्तक दल दसरू राम और साथियों ने ककसाड नृत्य पेश किया। वहीं रेला पाटा गोंडी गीत की प्रस्तुति सुखलाल नेताम ने दी। इस मौके पर किसान जागरूकता गीतों की प्रस्तुति हलबी बोली में शंभू नाथ नाग और भरत कुमार गंगादित्य और साथियों द्वारा दी गई ।

## लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक में विधायक ने दी सौगात

# 27.98 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर



लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में कुल 27.98 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण विधायक विनायक गोयल ने किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

कोटियागुड़ा में 9.79 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य होगा। यह सड़क निर्माण कार्य गांव के आंतरिक मार्ग को सुदृढ़ बनाएगा तथा ग्रामीणों को आवागमन में होने वाली कठिनाइयों से राहत प्रदान करेगा। विशेषकर वर्षा ऋतु में कीचड़ और जलभराव की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को इस निर्माण कार्य से सुविधा मिलेगी। बाघनपाल में तीन विकास कार्य पुलिया, सीसी सड़क, सामुदायिक भवन निर्माण होगा।

पुलिया निर्माण से आवागमन सुगम होगा तथा बरसात के समय आवागमन बाधित होने की समस्या का स्थायी समाधान मिलेगा। वहीं सीसी सड़क निर्माण से ग्रामीणों को बेहतर संपर्क सुविधा प्राप्त होगी। सामुदायिक भवन के निर्माण से गांव में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शासकीय कार्यक्रमों के आयोजन हेतु एक सुसज्जित स्थान उपलब्ध होगा, जिससे ग्रामीणों को संगठित गतिविधियों में सुविधा मिलेगी।

ग्राम पंचायत टाकरागुड़ा में 3.80 लाख रुपये की लागत से सीसी सड़क निर्माण कार्य होगा। इस कार्य से गांव के आंतरिक मार्गों का सुदृढ़ीकरण होगा और आवागमन में सुगमता आएगी। ग्रामीणों ने लंबे समय से इस सड़क निर्माण की मांग की थी, जो अब पूरी होने जा रही है।

विधायक ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचना का विकास करना है। उन्होंने कहा कि सड़क, पुलिया और सामुदायिक भवन जैसे निर्माण कार्य गांवों के समग्र विकास की नींव होते हैं। बेहतर सड़कें और संपर्क सुविधाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देती हैं, जबकि सामुदायिक भवन सामाजिक समरसता और सामूहिक गतिविधियों को बढ़ावा देते हैं।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य चन्द्रभान कश्यप, जनपद अध्यक्ष पदमा कश्यप, उपाध्यक्ष बसंत कश्यप, मंगतुराम कश्यप, नारायण सिंह ठाकुर, नरसिंह ठाकुर, रैतुराम बघेल, शिवानंद पेगड़, भरत कश्यप, सुदरू सेटठी, बलीराम बघेल, धनश्याम ठाकुर, शिव सुर्यवशी, विमल पाण्डेय, उपेंद्र ठाकुर, सुकलो पटेल, बलदेव ठाकुर, जयलाल, बन्दुलाल, कमल सिंह पटेल, सोनाधर कश्यप, जीवनाथ, कमलुराम मण्डावी एवं ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंचगण, जनपद सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जरूरतमंद लोगों को दी गई साइकिल



हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

81 बटालियन सीआरपीएफ के कमांडेंट मुकेश कुमार सिंह के निर्देशन में हिमांशु कुमार प्रसाद द्वितीय कमान अधिकारी के नेतृत्व में भीमाराम सीआरपीएफ कैंप के 81 बटालियन ने बस्तर क्षेत्र में सुदूर गांव भीमाराम में सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत एक कैंप लगाया गया जिसमें आस पास के गांवों के जरूरतमंद लोगों को साइकिल वितरण किया गया। साथ ही बीमार ग्रामीणों को मेडिकल कैंप में मुफ्त चिकित्सा परामर्श के साथ दवाइयां भी वितरित की गई। इस कैंप में ग्राम भीमाराम, मल्लिमपेंटा और चिन्नौतलापल्ली से भारी मात्रा में ग्रामीण आए। बटालियन द्वारा की जाने वाली सिविक एक्शन प्लान भारत सरकार के गृह मंत्रालय की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसमें गरीब ग्रामीणों और जरूरतमंद लोगों को उनके जरूरत के विभिन्न समान और कौशल विकास के कार्यक्रम चलाए जाते हैं। जिससे गरीब ग्रामीण लोग अपना व्यवसाय चलाकर अपना जीवन यापन कर सकें। इसी प्रतिबद्धता के साथ 81 बटालियन सीआरपीएफ आने वाले समय में और भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित करेगी जिससे की गरीब ग्रामीणों का कल्याण हो सके। सीआरपीएफ डॉ. दामोदर मीणा, इंस्पेक्टर श्रीधर समेत अन्य कार्मिक ने अपना पूरा सहयोग दिया।

- 81 बटालियन सीआरपीएफ का सिविक एक्शन प्रोग्राम

## स्टार हेल्थ एण्ड एलाइड बीमा कंपनी अदा करेगी उपचार व्यय की राशि 1.60 लाख

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर




**जिला उपभोक्ता आयोग की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया आदेश**

जिला उपभोक्ता आयोग ने मंगलवार को एक प्रकरण में स्टार हेल्थ एंड एलाइड बीमा कंपनी रायपुर द्वारा आवेदक को मृत पत्नी की चिकित्सा व्यय की राशि एक लाख 60 हजार एवं मानसिक पीड़ा हेतु 20 हजार रुपए की क्षतिपूर्ति देगा। यह आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ ने पारित किया है।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक जगदलपुर निवासी आलोक बनर्जी द्वारा स्टार हेल्थ एंड एलाइड बीमा कंपनी लिमिटेड रायपुर से स्वयं का एवं अपनी पत्नी का बीमा करवा कर निरंतर रखा गया था। आवेदक की पत्नी का बीमा अवधि के दौरान आकस्मिक निधन हो जाने से आवेदक द्वारा आवश्यक दस्तावेज सहित बीमा कंपनी के समक्ष मेडिक्लेम प्रस्तुत किया गया था। विपक्ष द्वारा लंबे समय तक दावे का निराकरण नहीं किया गया था और आवश्यक दस्तावेज पेश कर नहीं करने तथा बीमा शर्तों का उल्लंघन किए जाने के कारण आवेदक का दावा निरस्त किया गया था। इससे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई। इस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने यह माना कि बीमा कंपनी यह प्रमाणित करने में असफल रही है कि आवेदक द्वारा आवश्यक दस्तावेज पेश नहीं किए गए थे अथवा बीमा की किसी शर्त का उल्लंघन किया गया। इस संबंध में भारतीय विनयामक एवं विकास प्राधिकरण के जारी परिपत्र में यह माना कि बीमा कंपनियां किसी भी दावे को दस्तावेज के अभाव में निरस्त नहीं करेगी। नियामक द्वारा यह भी स्पष्ट किया कि उपभोक्ताओं को केवल उन दस्तावेजों को प्रस्तुत करने की आवश्यकता होती है जो सीधे दावा के निपटारे से संबंधित हैं। आवेदक को हुई मानसिक पीड़ा हेतु 20 रुपए पृथक से दिए जाने का भी आदेश पारित किया गया है।

# पर्यटकों और श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता : छिकारा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर



चित्रकोट जलप्रपात के समीप आयोजित चित्रकोट महोत्सव की तैयारियों को लेकर कलेक्टर आकाश छिकारा ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महोत्सव में आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर स्वच्छता, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, पार्किंग, यातायात नियंत्रण और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा, संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने और स्वास्थ्य विभाग को मेडिकल टीम और एम्बुलेंस की व्यवस्था रखने, जबकि पुलिस विभाग को सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर खेल गतिविधियों का आयोजन समय पर प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

- चित्रकोट महोत्सव की तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने दिए निर्देश

कलेक्टर ने मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निष्क्रिय और अक्रियाशील खातों की राशि जमा कराने के निर्देश दिए। बैठक में पीएमश्री स्कूल के तहत आवश्यक संसाधनों की प्रगति, बीएसएनएल टॉवर निर्माण हेतु भूमि उपलब्धता तथा शासन के निर्देशानुसार सभी विभागों में लिंक ऑफिसर की नियुक्ति पर कार्यवाही की समीक्षा की। फाइलेरिया मुक्त अभियान के अंतर्गत जिले के सभी विकास खंडों के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर से चर्चा कर लक्ष्य आधारित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

19 फरवरी को वय-वंदन कार्यक्रम की तैयारियों की भी समीक्षा की। वहीं स्वास्थ्य विभाग को 18 फरवरी को मानसिक स्वास्थ्य एवं 26 फरवरी को ब्लड डोनेशन कैम्प की तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता, अपर कलेक्टर सीपी बघेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे ।

## कलेक्टर ने 5 बच्चों को सुरक्षित भविष्य के लिए फोस्टर परिवारों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर




जिले में बाल संरक्षण और बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में जिला प्रशासन ने संवेदनशील और सराहनीय कदम उठाया है। कलेक्टर आकाश छिकारा ने महिला एवं बाल विकास विभाग की फोस्टर केयर योजना के अंतर्गत दो जागरूक परिवारों को कुल 5 बच्चों की जिम्मेदारी विधिवत सौंपी। जिला बाल कल्याण समिति के आदेशानुसार पूर्ण की गई इस प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य उन बच्चों को एक सुरक्षित और स्नेहपूर्ण पारीवारिक वातावरण उपलब्ध कराना है, जिन्हें विशेष देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता है।

इस अवसर पर कलेक्टर ने फोस्टर परिवारों से संवाद करते हुए बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, उत्तम शिक्षा और उनके समग्र पालन-पोषण को लेकर समझाइश देते हुए कहा कि प्रशासन बाल संरक्षण तंत्र को निरंतर सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है । इन परिवारों को भविष्य में भी हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। बस्तर के इन दो परिवारों द्वारा 5 बच्चों के संरक्षण की जिम्मेदारी उठाना न केवल एक मानवीय पहल है, बल्कि यह ग्राम स्तर पर सामुदायिक भागीदारी और संवेदनशील नेतृत्व का एक उत्कृष्ट उदाहरण भी पेश करता है।

बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र पाणिग्राही, सदस्य वर्षा श्रीवास्तव, धनेश्वरी वर्मा, सन्तोष जोशी, रामकृष्ण ठाकुर सहित जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज सिन्हा और जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. विजय शंकर शर्मा की टीम ने बच्चों के हित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य को सुनिश्चित किया। वहीं तकनीकी सहयोगी के रूप में सीईएसी-यूनिसेफ के जिला अधिकारी रमेश कुमार दास ने फोस्टर केयर प्रक्रिया, क्षमता निर्माण और पारदर्शी दस्तावेजीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## रोहित देशपाण्डे फिर बने राजस्व निरीक्षक संघ के जिलाध्यक्ष



**जगदलपुर।** छग राजस्व निरीक्षक संघ जिला बस्तर शाखा ने पटवारी भवन लालबाग में संगठन के पुनर्गठन के संबंध में बैठक की। विचार पश्चात पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। बैठक में प्रांतीय पर्यवेक्षक ओंकार मण्डावी राजस्व निरीक्षक कांकेर की उपस्थिति में संघ के प्रत्येक सदस्य से राय ली गई। सभी सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए। सर्वसम्मति से रोहित देशपाण्डे को जिला अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया। उपाध्यक्ष पवन कुमार नेताम, सचिव प्रेमचंद झा, सह सचिव बी नागेश, कोषाध्यक्ष अंशुमाली वर्मा, संगठन मंत्री गोपालकृष्ण मंडावी, प्रसार प्रचार मंत्री शशि, प्रवक्ता सुजित कुमार देवांगन, विशेष सलाहकार राजेश कुमार तिवारी, सह कोषाध्यक्ष कमलेश चंदवानी, संरक्षक राजेश कुमार चौहान, कोर कमेटी के सदस्य उइके, भारती मौर्य, इरफान उल हक, कुजुर तथा कार्यकारिणी सदस्य मनोनित किए गए।

## महाशिवरात्रि पर पर्यटन स्थल हुआ धार्मिकमय माहौल

# चित्रकोट महादेव मंदिर में रामचरित मानस का गान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर



महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जिला मुख्यालय से 40 किमी दूर चित्रकूट जलप्रपात के समीप स्थित प्राचीन महादेव मंदिर में राम नाम की गूंज से पूरा पर्यटक स्थल भक्तिमय हुआ।

रामचरित्र मानस गान के आयोजन में बड़ी संख्या में भक्तगण और पर्यटकों की भीड़ उमड़ पड़ी। प्रदेश के ख्यातिप्राप्त मानस मंडलियों ने प्रस्तुति दी। भक्तों की भीड़ को देखते हुए विधायक विनायक गोयल ने आने वाले वर्षों में यह आयोजन त्रिदिवसीय करने की मंशा जाहिर की। आयोजन समिति के अध्यक्ष लच्छूराम कश्यप ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी का आभार माना। इस अवसर पर महादेव समिति के अध्यक्ष विनय गुप्ता, पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप, कार्यकारी अध्यक्ष तुलसी मानस प्रतिष्ठान दीप्ति पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष हृदय राम शोरी उपस्थित रहे। संचालन मोतीराम राठौर ने किया।

इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलदेव मंडावी, नारायण ठाकुर, मुंशी पेगड, लंबोदर पटेल, चंद्रभान कश्यप, घनश्याम ठाकुर, पदमा कश्यप जनपद अध्यक्ष, मंगतु कश्यप, नरसिंह ठाकुर, नाथन ठाकुर, प्रल्हाद ठाकुर, टकेश्वर भारद्वाज, शिवनंदन पेगड़, बाल सिंह ठाकुर, ओमप्रकाश ठाकुर, अजय बघेल, रुकनाथ सिंहा, रुकमणी बघेल, रानी गुप्ता, थाना प्रभारी रवि बैगा, बराम मांझी, बदरी ठाकुर, गिरजू कश्यप, संतु राव, सोमारु पटेल, श्रीनिवास मिश्रा, राजेश श्रीवास्तव, कृष्णा ठाकुर, रंजिता जोशी, पदमनी कश्यप उपस्थित थे।

## बिजली टैरिफ याचिकाओं की जन सुनवाई आज

**जगदलपुर।** विद्युत नियामक आयोग द्वारा नई बिजली टैरिफ के निर्धारण और राजस्व आवश्यकताओं से संबंधित याचिकाओं पर जगदलपुर क्षेत्र के लिए ऑनलाइन जन-सुनवाई करेगी। क्षेत्र के उपभोक्ताओं को आयोग के रायपुर कार्यालय से सीधे जुड़ने के लिए 18 फरवरी को दोपहर 12 से 1.30 बजे तक जगदलपुर स्थित क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक कार्यालय पर उपस्थित हो सकते हैं। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2029-30 के लिए बिजली दरों (टैरिफ) के निर्धारण और राजस्व आवश्यकताओं से संबंधित याचिकाओं पर जगदलपुर क्षेत्र (जगदलपुर, दंतेवाडा, बीजापुर, सुकमा, कांकेर, कोण्डागांव, नारायणपुर जिला) के उपभोक्ताओं के लिए जन सुनवाई आयोजित की जाएगी। सीएसईआरसी द्वारा पहली बार छत्तीसगढ़ राज्य के दूर-दराज क्षेत्रों के विभिन्न उपभोक्ताओं के जनसुनवाई की प्रक्रिया में हिस्सा लेने हेतु क्षेत्रवार ऑनलाइन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। राज्य की बिजली कंपनियों उत्पादन, पारेषण, वितरण एवं लोड डिस्पैच सेंटर द्वारा प्रस्तुत याचिकाओं पर आम जनता, किसान और उद्योगपति अपने सुझाव व विस्तृत विवरण आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

- विद्युत नियामक आयोग करेगा बिजली उपभोक्ताओं की ऑनलाइन सुनवाई

उपभोक्ता सीधे रायपुर आयोग कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी बात रखना चाहता है, तो 19 फरवरी को दोपहर 12 से 1.30 बजे तक कृषि संबंधी कार्य, दोपहर 2.30 से 4 बजे तक घरेलू उपभोक्ता एवं शाम 4 से 5.30 बजे तक गैर-घरेलू उपभोक्ता उपस्थित होकर अपनी आपत्तियां एवं सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं।

